NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 121/NCRES/19 Date : 29.04.2019

श्रीमान महाप्रबन्धक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय :– सन् 2017 से ड्यू पोशाक भत्ते का भुगतान न किया जाना।

संदर्भ :– (i) NCRES पी.एन.एम. मद संख्यां 10/5/2018
(ii) NCRES का पत्र दिनांक 09.11.2018
(iii) NCRES का पत्र दिनांक 11.03.2019

महोदय,

अवगत कराना है कि 4/5 जुलाई 2018 की पी.एन.एम. बैठक में PCPO, PCMM और PFA की उपस्थिति में मद संख्या 10/5/2018 में निर्णय हुआ कि 2017 से पोशाक भत्ते का भुगतान किया जायेगा और PNM के जारी मिनट्स दिनांक 19.07.2018 के अनुसार झांसी और आगरा मंडल ने पोशाक भत्ते का भुगतान करना शुरू कर दिया लेकिन इलाहाबाद मंडल ने भुगतान नही किया।

दिनांक 4/5 जुलाई 2018 के PNM बैठक के जारी मिनट्स दिनांक 19.07.2018 में मद संख्या 10/5/2018 के टिप्पणी के अनुसार इलाहाबाद मंडल द्वारा कार्यवाही न करने पर प्रधान कार्यालय ने दिनांक 12.10.2018 को आदेश जारी कर निर्देश दिया कि सन् 2017 से ड्यू पोशाक भत्ते का भुगतान किया जाय। इसके बाद इलाहाबाद मंडल द्वारा एक वर्ष के पोशाक भत्ते का भुगतान किया गया और एक वर्ष (सन् 2018) के बकाये पोशाक भत्ता का भुगतान करने से इन्कार कर दिया गया जिसका प्रभाव झांसी और आगरा मण्डल पर पड़ा, इसी कारण कुछ कर्मचारियों को सन् 2018 का ड्यू पोशाक भत्ता नही मिल पाया।

NCRES को स्पष्ट करना है कि दिनांक 23/24 जनवरी 2019 के PNM बैठक में NCRES ने पुनः इस मुद्दे को उठाया तो PCPO ने PCMM से वार्ता करने के बाद इलाहाबाद मंडल को निर्देश दिया कि सन् 2017 से पोशाक भत्ते का भुगतान किया जाय लेकिन आज तक सन् 2018 के पोशाक भत्ते का भुगतान नही हुआ।

अतः अनुरोध है कि RBE No. 141/2017 व NCRES के पी.एन.एम. मद संख्या 10/5/2018 पर हुये निर्णय के अनुसार नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के सभी पात्र कर्मचारियों को सन् 2017 से पोशाक भत्ते का भुगतान करने के लिये उचित कार्यवाही की जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री